प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय कैबिनेट ने आज उज्जवला योजना के लाभार्थियों के लिये गैस सिलेन्डर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये की : अब 600 रुपये में मिलेगा गैस सिलेन्डर।
2. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 50 लाख से अधिक रेहड़ी–पटरी विक्रेता हुए लाभान्वित : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– रेहड़ी–पटरी वालों को मिला सम्मान से जीने का अवसर।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बस्ती स्थित आर्य समाज की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह को किया संबोधित : कहा– भारत का एक जीवन्त आन्दोलन रहा है आर्य समाज।

और

4. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में कुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक : कहा– सभी विभाग प्राथमिकता पर करें कुंभ से जुड़े कार्य।

————————

केन्द्रीय कैबिनेट ने आज उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिये गैस सिलेन्डर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण

मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सब्सिडी बढ़ने के बाद उज्जवला योजना के लाभार्थियों को अब 600 रुपये में गैस सिलेन्डर मिलेगा। बाइट........

*रक्षाबंधन और ओणम के अवसर पर एक बड़ी घोषणा उस समय रसोईगैस के सिलेंडर में दो सौ रूपये की कीमत की कटौती करके की थी और मैने उस समय भी कहा था कि महिला कल्याण के लिये और गरीब कल्याण के लिये बहुत सारे कदम मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 9 वर्षो में उठाया है, लेकिन उसमें एक बहुत बड़ी योजना जिसने बहुत बड़ा बदलाव उनके स्वास्थ्य से लेकर उनके रोजमर्रा की जिन्दगी पर किया था, वह था उज्ज्वला योजना। जब रक्षाबंधन के अवसर पर छूट दी गई दो सौ रूपये कम किये गये तब रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत 11 सौ से कम होकर नौ सौ रह गई और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो सौ रूपये की सब्सिडी चलती नहीं तो उनको सात सौ रूपये का आज से जो घोषणा हो रही है उसमें उज्ज्वला के लाभार्थी जो बहने है उनको दो सौ के बजाय तीन सौ रुपये की सब्सिडी मिलेगी।*

कासगंज की अनूपमा ने उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी बढ़ाये जाने पर सरकार का आभार जताया है। बाइट..........

सरकार की उज्ज्वला योजना यह बहुत बढ़िया योजना है। सरकार ने जो सब्सिडी बढ़कार तीन सौ रुपये कर दी है वो हम तीन सौ रुपये और जो रसोई का समान वो भी ले आते है, तो यह हमें सरकार की योजना बहुत अच्छी लगी। उज्ज्वला योजना से बहुत फायदा है।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर फोकस करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि कृष्णा वॉटर डिस्प्यूट ट्राइब्यूनल ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच पानी के बंटवारे के लिए नये टर्म ऑफ रिफ्रेंस को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने बिहार और झारखंड के नॉर्थ कोयल जलाशय प्रोजेक्ट के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए नई लागत राशि को मंजूरी दे दी है।

————————

रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुझे संतोष है कि पीएम स्वनिधि योजना से न सिर्फ देशभर के हमारे रेहड़ी–पटरी वालों का जीवन आसान हुआ है, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ जीने का अवसर भी मिला है।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वो नेतृत्व में पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन समृद्धि, संपन्नता, स्वावलंबन और सम्मान के प्रकाश से आलोकित हो रहा है। उ.प्र. के लाखों स्ट्रीट वेंडर्स को भी आत्मनिर्भर बनाने वाली यह योजना समर्थ भारत–स्वावलंबी भारत की

निर्माण यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस वर्ष पहली जुलाई से इस कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया। संयुक्त प्रयासों की बदौलत 86 अरब रुपये के, करीब छियासठ लाख ऋण, पचास लाख से अधिक लाभार्थियों को वितरित किय गये। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपये तक के ऋण बिना किसी प्रतिभूति के दिए जाते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बस्ती में नई बाजार स्थित आर्य समाज की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्य समाज, भारत का एक जीवन्त आन्दोलन रहा है। उन्होंने कहा कि जब आर्य समाज की बात होती है, तो भारत के इतिहास और देश की आजादी के आन्दोलन का स्मरण भी होता है। बाइट.........

*आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के गृह शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था और आर्य समाज के इस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले हुए लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। आर्य समाज भारत का एक जीवंत आन्दोलन रहा है, पर आन्दोलन के साथ चलने वाले सारथी कौन है। आन्दोलन की दिशा उससे तय होती है और उसक परिणाम भी उसी से तय होते है।*

कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पूर्व मुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक में भूमि विवादों और जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कमजोर, गरीब और व्यवसायी की भूमि पर कोई कब्जा ना करने पायें। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों और बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगवायें, ताकि अपराध नियंत्रण में सहायता मिले।

मुख्यमंत्री न कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारी इसका निरीक्षण करें। साथ ही सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की मुकम्मल सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। बस्ती दौर के दौरान मुख्यमंत्री ने महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण भी किया।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में कुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग कुंभ 2025 से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करें। साथ ही विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों संग महीने में एक बार बैठक करें। उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही न करने का निर्देश दिया है। बाइट.......

*कुंभ की दृष्टि से जितनी भी परियोजनाएं चाहे वह राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की है चाहे स्टेट पीडब्ल्यूडी की है, चाहे सेतु निगम की है, चाहे विकास प्राधिकरण के द्वारा है चाहे नगर विकास के द्वारा है चाहे लोक निर्माण के द्वारा है वह सारे कार्यों की एक कटऑफ लाइन तय करे। मैं अक्टूबर महीने प्रतीक्षा करूंगा नवम्बर में फिर बैठक करूंगा, लेकिन प्रयागराज के जितने आज के निर्देश दिये गये हैं वह सारा मिनरस नोट किया गया है। अगली बैठक में मैं ए–एक बिन्दु पर समीक्षा करूंगा और समीक्षा करके कोई विभाग अगर अपने कर्तव्य पालन में लापरवाह पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्यवाही भी करूंगा।*

————————

चीन में चल रहे एशियन गेम्स में मेरठ की दो बेटियों ने मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया है। पारूल चौधरी ने पांच हजार मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीता

है, वहीं अन्नू रानी ने जैवलिन में गोल्ड मेडल हासिल किया है। अन्नू ने बासठ दशमलव नौ दो मीटर भाला फेंक कर यह मेडल अपने नाम किया। अन्नू एशियाई खेलों में जैवलिन में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

पारुल चौधरी की मां राजेश देवी ने बताया कि बेटी की उपलब्धि से पूरे गांव में जश्न का माहौल है। बेटी ने अपना सपना पूरा करने के साथ ही और पूरे देश का मान बढ़ाया है। पारूल चौधरी के कोच गौरव त्यागी ने कहा कि पारूल की कड़ी मेहनत रंग लायी है और वह पेरिस ओलम्पिक में भी देश का नाम रोशन करेगी। बाइट.......

*पारूल चौधरी एक बहुत ही मध्यम वर्गीय परिवार से उठकर आज इस स्तर पर पहुंची, उसक लिये उसकी इस मेहनत और दृढ़ इच्छा को दर्शाता है कि उसका पदक आज स्वर्ण पदक आया है। मैं पारूल चौधरी की क्षमता से यह आपको विश्वास दिलाना चाहूंगा कि पारूल चौधरी आने वाले पेरिस ओलम्पिक में आपको जरूर एक पदक भारत को देगी और देश का नाम रोशन करेगी।*

——————————

वाराणसी में फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव के निकट आज सुबह तड़के तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादस में कार सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल हो गया है। सभी मृतक पीलीभीत जनपद के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के अफसरों को घायल का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

(समाप्त)